Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ▫ अंक- 357 ▫ रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

आबकारी नीति 2026-27 को मिली मंजूरी प्रबंध संस्थान को लीज पर दी जाएगी 40 एकड़ जमीन

रायपुर, 21 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई. नए साल में हुई पहली साय कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई. इसके बाद कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है.

मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई सिविल लाईन स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्ताव का अनुमोदन तथा इससे संबंधित समस्त अनुषांगिक कार्यवाहियों के लिए विभाग को अधिकृत किया गया. मंत्रिपरिषद द्वारा नवा रायपुर अटल नगर में उच्च कोटि का शैक्षणिक संस्थान स्थापित किये जाने हेतु श्री विले पारले कलावनी मंडल को उनके नरसी मोंजी प्रबंधन अध्ययन संस्थान की स्थापना के लिए सेक्टर-18 में चिन्हांकित लगभग 40 एकड़ भू-खण्ड का आबंटन लीज के रूप में एकमुश्त 90 वर्षों के लिए करने की स्वीकृति प्रदान की है. एसव्हीकेएम एक ख्याति प्राप्त संस्था है, जो वर्ष 1934 से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत तथा वर्तमान में 30 शैक्षणिक संस्थान संचालित है, जोकि एक लाख से अधिक छात्रों को प्रति वर्ष प्री-प्राइमरी से लेकर डॉक्टोरल कार्यक्रमों में शिक्षा प्रदान करता है. वर्ष 2025 में एनआईआरएफ यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस संस्था को 52वां रैंक प्राप्त हुआ है. नवा रायपुर में इस राष्ट्रीय स्तर के संस्थान की स्थापना से राज्य में आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और मजबूती मिलेगी. मंत्रिपरिषद द्वारा नवा रायपुर अटल नगर में 04 नवीन उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के साथ एमओयू का निर्णय लिया है. इससे राज्य में आईटी/आईटीईएस उद्योग तथा तकनीकी स्टार्ट-अप इको सिस्टम को प्रोत्साहित करने में यह एमओयू महत्वपूर्ण होगा.

साय कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के 68 केन्द्र संचालित है, जिनमें 60 भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित है. सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से एआई, मेडटेक (हर्बल मेडिसिन एवं वन उत्पाद आधारित), स्मार्ट सिटी तथा स्मार्ट एग्री उद्यमिता केन्द्रों के माध्यम से आगामी तीन से पांच सालों में डोमेन विशेष के 133 स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देंगे. राज्य सरकार द्वारा छात्रों, उद्यमियों, शोधकर्ताओं तथा उद्योगों को ईएसडीएम उत्पादों के प्रोटोटाइप विकसित करने में सहयोग प्रदान करने के लिए एसटीपीआई के माध्यम से एक इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं विकास (ईएसडीडी) केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जो प्रति वर्ष 30 से 40 हार्डवेयर, स्टार्टअप और एमएसएमई को सभी सहायता प्रदान करेगा. मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओ में गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वर्तमान संसाधनों को सुदृढीकरण करने तथा निर्धारित मानक के अनुसार जांच की संख्या बढ़ाने के लिए राज्य के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लैब के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए हैं.

भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बोले नितिन नबीन

'राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है'

नई दिल्ली, 21 जनवरी (न्यूज चैनल)। भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कार्यभार संभालने के बाद अपने पहले संबोधन में राजनीति की नई परिभाषा पेश की। कार्यकर्ताओं और युवाओं को संबोधित करते हुए नबीन ने स्पष्ट किया कि बीजेपी के लिए राजनीति केवल सत्ता हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा की एक 'साधना' है।

नितिन नबीन ने पार्टी की विचारधारा को रेखांकित करते हुए कहा- हम एक ऐसे दल के सिपाही हैं जहां राजनीति भोग-विलास या ऐशो-आराम के लिए नहीं, बल्कि त्याग और तपस्या के लिए की जाती है। हमारे लिए कोई भी पद केवल एक ओहदा नहीं, बल्कि देश के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी (उत्तरदायित्व) है। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने, 'सनातन परंपराओं और आस्था' की रक्षा करने और देश को जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से बचाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, 15 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करने का आह्वान किया था। मैं देश के युवाओं से कहना चाहता हूं कि राजनीति से दूर रहना समाधान नहीं, बल्कि सक्रिय योगदान देना ही समाधान है। नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए युवाओं को आगे आकर 'सकारात्मक राजनीति' में भाग लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''मैं युवाओं को यह भी बताना चाहूंगा कि राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं है। राजनीति सौ मीटर की दौड़ नहीं बल्कि मैराथन है, जहां गति नहीं बल्कि सहनशक्ति की परीक्षा होती है। आगे आइए और अपनी जड़ों को मजबूत रखते हुए इस राजनीतिक मैदान पर काम कीजिए। संगठन पर्व के समापन के बाद, जिसमें बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी के विभिन्न पदों के लिए चुनाव हुए, मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में नवीन (45) को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। वह बिहार से पांच बार विधायक रह चुके हैं और 14 दिसंबर को भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने से पहले राज्य सरकार में कानून एवं न्याय, शहरी विकास और आवास मंत्री रह चुके हैं।

कार्यकर्ताओं और युवाओं को किया संबोधित

ब्रेकिंग न्यूज

तकनीकी खराबी या साजिश? स्विट्ज़रलैंड जाते अचानक बिगड़ा ट्रंप का विमान

नई दिल्ली, 21 जनवरी (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (ड्ढश्वस्न) में हिस्सा लेने के लिए स्विट्ज़रलैंड के दावोस जाते समय अपनी यात्रा के दौरान अचानक विमान बदलना पड़ा। व्हाइट हाउस और अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति के विमान की इलेक्ट्रिकल प्रणाली में तकनीकी खराबी सामने आई, जिसके बाद सुरक्षा मानकों के तहत विमान को आगे उड़ान जारी रखने की अनुमति नहीं दी गई। घटना के बाद यह सवाल भी उठा कि क्या यह महज़ तकनीकी नुक्स था या किसी साजिश की आशंका? व्हाइट हाउस और अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह रूटीन तकनीकी फॉल्ट था और सुरक्षा मानकों के तहत एहतियातन विमान बदला गया। अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति की उड़ानों में किसी भी असामान्यता पर शून्य जोखिम नीति अपनाई जाती है, इसलिए वैकल्पिक विमान से यात्रा जारी रखी गई। साजिश के एंगल पर पूछे गए सवालों के जवाब में अधिकारियों ने कहा कि अब तक किसी तरह की तोड़फोड़, साइबर हस्तक्षेप या बाहरी साजिश का कोई प्रमाण नहीं मिला है। हालांकि, प्रोटोकॉल के तहत ऐसी घटनाओं में तकनीकी टीम और सुरक्षा एजेंसियां सभी संभावित कारणों तकनीकी, मानवीय या बाहरी की मानक समीक्षा करती हैं।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्डट्रंप अब कह रहे हैंकि शांति बरकरार रखने की जिम्मेदारी उनकी नहीं है।

चुहिया- हां जी, शांति का नोबेल नहीं मिला तो बड़बड़ा रहे हैं, आखिर पहले कौन सी जिम्मेदारी थी।

नक्सलियों ने पूर्व सरपंच की गोली मारकर की हत्या

बीजापुर, 21 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां नक्सलियों ने दिनदहाड़े एक पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पामेड़ थाना क्षेत्र के कावरगट्टा गांव की है। इस वारदात से पूरे इलाके को दहशत का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने गांव के खेत में मौजूद लोगों के बीच पहुंचकर पूर्व सरपंच भीमा मड़कम को गोली मार दी। गोली लगते ही भीमा मडकम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद नक्सली घटनास्थल से फरार हो गए। हत्या की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि भीमा मडकम आज ही दंतेवाड़ा के बचेली से अपने गांव लौटा था। इससे पहले भी उस पर नक्सली हमला हो चुका था, लेकिन तब वह बच गया था। इस बार नक्सली अपने मंसूबों में सफल हो गए।

प्रयागराज में एयरफोर्स का विमान तालाब में गिरा बड़ा हादसा टला, दोनों पायलट सुरक्षित

नई दिल्ली, 21 जनवरी (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को एक दुखद घटना घटी, जब एक छोटा विमान अचानक हवा में संतुलन खो बैठा और शहर के एक तालाब में जा गिरा। जानकारी के अनुसार, विमान केपी इंटर कॉलेज के पीछे स्थित तालाब में जा गिरा। बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने में जुटे हैं। यह भारतीय वायु सेना का एक माइक्रोलाइट विमान था, हालांकि दुर्घटना का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार, इंजन में खराबी के कारण विमान तालाब में गिरा। पानी में गिरने से पहले यह काफी देर तक हवा में चक्कर लगाता रहा। सशस्त्र बलों के अनुसार, विमान में दो चालक दल के सदस्य सवार थे और दोनों सुरक्षित हैं।

छत्तीसगढ़ को मिलेगा नितिन नबीन के नेतृत्व अनुभव का लाभ : साय

रायपुर, 21 जनवरी (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार देर शाम दो दिवसीय दिल्ली दौरे से लौटकर रायपुर पहुंचे। यह दौरा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के सिलसिले में था, जिसमें मुख्यमंत्री साय के साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और कैबिनेट मंत्री भी मौजूद थे। दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा के संगठनात्मक चुनावों में सहभागिता की। इस दौरान नितिन नबीन के निर्विरोध रूप से भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और इसमें संगठन महापर्व के तहत लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव कराए जाते हैं। स्थानीय समिति से लेकर मंडल, जिला, प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर तक पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव इस प्रक्रिया का अंतिम चरण था, जिसमें देशभर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नितिन नबीन छत्तीसगढ़ को भली-भांति जानते हैं। छत्तीसगढ़ संगठन के प्रभारी रहते हुए उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में पार्टी ने चुनावों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उसी संगठनात्मक क्षमता और विश्वास के आधार पर वे निर्विरोध रूप से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उनके अनुभव व नेतृत्व का लाभ राज्य को निश्चित रूप से मिलेगा। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर भी तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि परिवारवाद अगर कहीं है तो वह कांग्रेस में है। भाजपा में लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव होते हैं और समय-समय पर दायित्व बदलते रहते हैं, जबकि कांग्रेस में वर्षों से एक ही परिवार के लोग अध्यक्ष और शीर्ष पदों पर बने हुए हैं।

नितिन नबीन के भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने नितिन नबीन के साथ लंबे समय तक कार्य किया है और व्यक्तिगत रूप से वह मानते हैं कि उनके नेतृत्व में संगठन नए आयामों पर कार्य करेगा और नए प्रतिमान स्थापित करेगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष बनता है, तो चाहे व्यक्ति कितना ही बड़ा प्रोफाइल क्यों न रखता हो, उसे राष्ट्रीय अध्यक्ष को ही अपना बॉस मानना होता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में एकजुट होकर काम करना होता है। भाजपा नेतृत्व में हुए इस संगठनात्मक परिवर्तन को लेकर प्रदेश में उत्साह का माहौल है और पार्टी कार्यकर्ताओं को आने वाले समय में संगठन को और मजबूत करने की उम्मीद है।

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे मुख्यमंत्री ने कहा

बच्ची से रेप के आरोपी का घर जमींदोज

रायपुर, 21 जनवरी (हाईवे चैनल)। राजधानी में बुधवार सुबह नाबालिग से रेप के आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी के घर पर नगर निगम का बुलडोजर चला है. नगर निगम ने आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा करते हुए सात दिनों के भीतर मकान से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे. जिसके बाद आज सुबह राजा तालाब के झंडा चौक स्थित घर पर बुलडोजर से आरोपी के घर को जमींदोज कर दिया गया है।

नगर निगम का चला बुलडोजर

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल, प्रशासन की टीम और पार्षद मौजूद रहे. पार्षद कैलाश बेहरा ने कहा कि इन लोगों पर ऐसे ही कार्रवाई की जानी चाहिए, लोगों में भारी आक्रोश है. उन्होंने कहा कि अगर उनके वार्ड में कोई भी ऐसा कृत्य होता है तो उस पर ऐसे ही कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, रायपुर की महापौर मीनल चौबे कुछ दिन पहले आई थी. उन्होंने आरोपी की दुकान और घर को तोड़ने के साफ निर्देश दिए थे।

बता दें कि जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ले में आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी की दुकान है, जहां वह चूड़ियां बेचता है. साथ ही वह चॉकलेट, नड्डा और मुर्रा भी बेचता था. आरोपी इन्हीं चीजों का लालच देकर 9 साल की बच्ची को अपने साथ रोज घर ले जाता था और पूरे कपड़े उतारकर गंदा काम करता था. आरोपी ने 7 जनवरी से 11 जनवरी के बीच मासूम के साथ कई बार दरिंदगी की।

मोदी कैबिनेट ने लिये दो बड़े फैसले

अटल पेंशन योजना का किया विस्तार, एमएसएमई को सस्ती पूंजी उपलब्ध कराने का रास्ता भी किया साफ

नई दिल्ली, 21 जनवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज दो अहम और दूरगामी फैसले लिए गए जिनका सीधा असर देश के करोड़ों मेहनतकश लोगों और छोटे उद्यमियों पर पड़ेगा। एक ओर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बुढ़ापे की सुरक्षा देने वाली अटल पेंशन योजना को वर्ष 2030-31 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है वहीं दूसरी ओर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सस्ती पूंजी उपलब्ध कराने के लिए स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया को 5000 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता मंजूर की गई है।

कैबिनेट ने अटल पेंशन योजना को आगे बढ़ाते हुए इसके प्रचार प्रसार, क्षमता निर्माण और विकासात्मक गतिविधियों के लिए सरकारी सहयोग जारी रखने का फैसला किया है। इसके साथ ही योजना को टिकाऊ बनाए रखने के लिए गैप फंडिंग की व्यवस्था भी जारी रहेगी। हम आपको बता दें कि वर्ष 2015 में शुरू हुई यह योजना 60 वर्ष की आयु के बाद 1000 से 5000 रुपये मासिक पेंशन की गारंटी देती है। जनवरी 2026 तक इस योजना से 8 करोड़ 66 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। सरकार का मानना है कि निरंतर सहयोग से असंगठित क्षेत्र के और अधिक श्रमिकों तक इसका लाभ पहुंचेगा और देश एक पेंशनयुक्त समाज की ओर मजबूत कदम बढ़ाएगा।

वहीं दूसरे बड़े फैसले के तहत स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया को 5000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी तीन चरणों में दी जाएगी। इसका उद्देश्य बैंक की पूंजीगत स्थिति को मजबूत करना और एमएसएमई क्षेत्र को अधिक ऋण उपलब्ध कराना है। इस पूंजी निवेश के बाद वर्ष 2028 तक लगभग 25 लाख 74 हजार नए एमएसएमई लाभार्थी जुड़ने की उम्मीद है। मौजूदा औसत के अनुसार इससे करीब 1 करोड़ 12 लाख नए रोजगार सृजित हो सकते हैं। सरकार के अनुसार मजबूत पूंजी आधार से बैंक सस्ती दरों पर संसाधन जुटा सकेगा और छोटे उद्योगों को प्रतिस्पर्धी लागत पर ऋण मिलेगा। देखा जाये तो आज के ये दोनों फैसले जनहित और दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा के सूत्र में बँधे हैं। अटल पेंशन योजना का विस्तार यह स्वीकार करता है कि भारत की असली अर्थव्यवस्था आज भी असंगठित क्षेत्र के कंधों पर टिकी है। रिक्शा चालक, घरेलू कामगार, रेहड़ी पटरी वाले, खेत मजदूर या छोटे कारीगर, इनके लिए बुढ़ापा अक्सर असहायता का दूसरा नाम रहा है।